छोड़ कुटिया को महलों में राम आए है

राम आए है आए है राम आए है,
छोड़ कुटिया को महलों में,
राम आए है राम आए है,
संग दिवाली का उत्सव भी,
लाए है राम आए है,
राम आए है आए है राम आए है।bd।

नया साल साल ढेरों खुशियां लाया,
22 जनवरी का दिन शुभ आया,
रामलला जी के दर्शन सबने पाए है,
राम आए हैं,
छोड कुटिया को महलो में,
राम आए है राम आए है।bd।

जब से आई है अवध से पाती,
जनता खुशी से फूली न समाती,
सभी कहैं अयोध्या हम भी जाएंगे,
राम आए हैं,
छोड कुटिया को महलो में,
राम आए है राम आए है।bd।

राम जी का सुंदर सिंहासन बनाया,
थाल दीयों से दिवाली का सजाया,
सबने लला के स्वागत में दीप जलाए है,
राम आए हैं,
छोड कुटिया को महलो में,
राम आए है राम आए है।bd।

सदियों बाद शुभ मंगल दिन आया है,
रामलला का मनमोहक दर्शन पाया है,
'श्याम' राम कृपा से दर्शन सबने पाए हैं,
राम आए हैं,
छोड कुटिया को महलो में,
राम आए है रामू आए है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राम आए है आए है राम आए है,
छोड़ कुटिया को महलों में,
राम आए है राम आए है,
संग दिवाली का उत्सव भी,
लाए है राम आए है,
राम आए है आए है राम आए है।bd।

स्वर एवम भाव – घनश्याम मिढ़ा।
सम्पर्क – 9034121523

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com